







## खबर संक्षेप

### एन.टी.ए. नीट यूजी की परीक्षाओं के लिए कलेक्टर ने गठित की समिति

**सागर**। कलेक्टर संदीप जी आर ने एन.टी.ए. नीट यूजी की परीक्षाओं के निर्बाध एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया। समीति की अध्यक्षता कलेक्टर संदीप जी आर करेंगे। समिति में पुलिस अधीक्षक क्रिास शाहवाल, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 मनीष गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन, असिस्टेंट सेंट्रल इंटेलीजेंस ऑफिसर कपिल शुक्ला, जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र अधिकारी डेलन प्रजापति सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

### वैष्णोदेवी जाने वाली यात्रा अपरिहार्य कारणों से की गई निरस्त

**सागर**। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत दिनांक 31 जनवरी को वैष्णो देवी जाने वाली यात्रा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई है। वैष्णोदेवी जाने वाली तीर्थयात्रा अब मां कामाख्या देवी के लिए दिनांक 31 जनवरी को की जावेगी। मां कामाख्या देवी जाने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

### बकाया करों की वसूली के लिए शिविर प्रारंभ

**सागर**। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा बकाया करों की वसूली के लिए विशेष शिविरों का आयोजन प्रारंभ कर दिया गया है। राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार से इंदिरा नगर एवं गौर नगर वार्ड में शिविर लगाकर संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों का किराया सहित अन्य बकाया करों की वसूली की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को मधुकर शाह, सिविल लाइन एवं गोपालगंज वार्ड के नागरिकों के लिए लाल स्कूल के पास विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा, जहां नागरिक सरलता से अपने बकाया करों का भुगतान कर सकेंगे। शिविर में नगर निगम के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे, जिससे करदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बकाया संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं अन्य देय राशियों का भुगतान शिविर में आकर अवश्य करें। उन्होंने कहा कि समय पर कर जमा करने से नगर निगम को विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।

### इमाम के निधन पर शोक व्यक्त किया

**सागर**। एकता समिति कार्यालय में शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत मौलाना मुतिय उर रहमान पेश इमाम जामा मस्जिद कटरा सागर के निधन पर उन्हें खिराज ए अकीदत (श्रद्धांजलि) अर्पित की। समिति सदस्य मोहम्मद निजाम भाई ने पेश इमाम साहब के बारे में श्रोताओं को विस्तार से उनकी जीवनी के बारे में बताया कि वो बड़े ही नेक दिल इंसान थे। भलाई के काम भी करते और सबको ऐसा करने की प्रेरणा देते। सभी धर्मों का समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को समान आदर देते धर्म अनुसार आचरण करने की सीख देते । इसी कारण उनकी अंतिम यात्रा में सभी वर्गों के लोग शामिल थे । जिसे सुनकर सभी भाव विभोर हो गए । समिति कोषाध्यक्ष निलेश समैया ने अपने संस्मरणों में पेश इमाम साहब के बारे में बताया कि वो अत्यंत सरल स्वभाव के धनी थे इतना ज्ञान वान होने के बावजूद अहंकार उनको छू कर भी नहीं गया। इस अवसर पर समिति संस्थापक अब्दुल रशीद भाई, संरक्षक चंपक भाई, शरद गुप्ता, सचिव कमल चंद, प्रमोद पटेल, राजेश औरसोनी, सतीश खत्री, अजीत जैन, अरुण मासाब, प्रमोद चौरसिया, संजय शास्त्री, राजकुमार पड़ेले, विनीत जैन आदि उपस्थित थे। समापन सर्व धर्म प्रार्थना के साथ हुआ।

### कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा के संबंध में प्राचार्यों के साथ की समीक्षा बैठक

# परीक्षा अंत नहीं एक पड़ाव है, शत प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम लाकर मध्यप्रदेश में सागर का नाम रोशन करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

परीक्षा अंत नहीं एक पड़ाव है, परीक्षा के समय आप मानसिक संतुलन बनाए रखें घबराएं नहीं साथ ही सौ प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम लाकर मध्य प्रदेश में सागर का नाम रोशन करें, गुरुजनों में अपार शक्ति, शक्ति का इस्तेमाल कर विद्यार्थियों को आगे बढ़ाएं एवं प्राचार्य अपने-अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों को डॉक्टर, इंजीनियर बनाने की दिशा में प्रयास करें। उक्त विचार कलेक्टर संदीप जी आर ने बोर्ड परीक्षा के संबंध में प्राचार्यों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में व्यक्त किये।



इस अवसर पर संयुक्त संचालक शिक्षक शत्रुंजय प्रताप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती निगम सहित सभी विकासखंडों के सहायक संचालक विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित जिले के विद्यालयों के प्राचार्य मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी आर ने प्राचार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि गुरुजनों में अपार शक्ति होती है और उनकी गरिमा भी समाज में होती है अपनी गरिमा एवं शक्ति का उपयोग करें एवं उसको बनाए रखें इसी के साथ अपने विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को अपना शैक्षणिक ज्ञान शत प्रतिशत दें जिससे कि वह आगे बढ़ सके एवं कक्षा 12वीं के बाद डॉक्टर, इंजीनियर बन सके। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि डॉक्टर, इंजीनियर बनने के लिए सभी प्राचार्य अपने-अपने विद्यालयों में नीट एवं इंजीनियर से संबंधित परीक्षाओं के 10 वर्ष के प्रश्न पत्र एवं पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएं एवं संकल्प लें कि अपने अपने विद्यालयों से कम से कम दो-दो विद्यार्थियों को डॉक्टर, इंजीनियर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय के पुराने टॉपर और सफल छात्रों को आमंत्रित कर उनके सुझाव विद्यार्थियों को दिलाएं। कलेक्टर आर ने कहा कि आप सभी अपने-अपने विद्यालयों में पाठ्यक्रम के पीरियड के बाद प्रत्येक पीरियड में कम से कम 10 मिनट विद्यार्थियों को लिखने की आदत अवश्य डालें। जिससे कि वह अपने भविष्य को उज्जवल बना सके। उन्होंने कहा कि परीक्षा एक पड़ाव है अंत नहीं इसलिए किसी भी विद्यार्थियों को तनाव न दें और विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रखने के लिए सभी आवश्यक प्रयास करें एवं विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में एक काउंसलर भी बनाएं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम में स्थापित करें जिससे कि विद्यार्थी अपने शैक्षणिक अध्ययन में आने वाली समस्याओं के संबंध में निराकरण कर सकें एवं तनाव से मुक्त रह सके। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में जो पैनल लगाए गए हैं उनमें भाषा की समस्या को दूर करने के लिए ज्ञानवर्धक अंग्रेजी की फिल्म को दिखाएं जिससे कि उनकी अंग्रेजी की समस्या भी दूर हो सकेगी और परीक्षा में अच्छे अंक ला सकेंगे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि समाज एवं विद्यार्थी गुरुजनों को भगवान समझते हैं इस को बनाए रखने के लिए आप हमेशा विद्यार्थियों का सहयोग करें। उन्होंने कहा की चुनौतियों को स्वीकार कर उनको दूर कर आगे बढ़ना ही सफलता कहलाती है। उन्होंने कहा जहां कठिनाई होती है वहां परिणाम अच्छे आते हैं। इसलिए कठिनाइयों से कभी न डरें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार संसाधन किसी भी सफलता में बाधक नहीं बन सकते इसलिए संसाधन के पीछे नहीं सफलता एवं संकल्प के साथ चलिए।

कलेक्टर संदीप जी आर ने समीक्षा बैठक में आए प्राचार्यों से वन टू वन चर्चा भी की और उनसे उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निराकरण करने के संबंध में तत्काल निर्देश दिए उन्होंने रसेना उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन अगले शैक्षणिक सत्र तक पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।




## सेना का साहस सैनिक की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं अनुशासन पर निर्भर करता है: मेजर गजराज

**सागर**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में सेना दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी की 7 गर्ल्स एवं 11 बॉयज यूनिट ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मेजर गजराज सिंह ने विद्यार्थियों को सेना दिवस के अवसर पर बताया कि भारतीय सेना फोर डी पर काम करती है जिसमें डिसिप्लिन, डेडीकेशन, डिटरमिनेशन और डिवोशन शामिल है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण अनुशासन है अनुशासन का मतलब होता है स्वयं पर शासन करना अर्थात हम अपनी कर्मेंद्रों पर यदि शासन करते हैं तो फिर हम अनुशासन का ही पालन कर रहे होते हैं ।विद्यार्थीयो का क्या करे और क्या न करे पर फोकस होना चाहिए। सेना का साहस सैनिक की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं अनुशासन पर निर्भर करता है। विद्यार्थियों को आगाह करते हुए कहा कि मोबाइल पर क्या देखना है और क्या नहीं देखना है यह मोबाइल डिसाइड नहीं करेगा इसका निर्णय हमें खुद लेना पड़ेगा कि हमें क्या देखना है और क्या नहीं देखना है। जो विद्यार्थी नसमय की कीमत करता है भविष्य में समय उसकी भी कीमत करता है। स्वागत भाषण देते हुए डॉ अमर कुमार जैन वरिष्ठ प्राध्यापक ने विद्यार्थियों से कहा कि थल सेना दिवस लेफ्टिनेंट जनरल करियप्पा जो बाद में भारत के पहले फील्ड मार्शल बने के द्वारा भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष में मनाया जाता है। आपने अंग्रेजी शीर्ष कमांडर जनरल राय फ्रांसिस बूचर से यह पदभार ग्रहण किया था और जिस दिन पदभार ग्रहण किया था उस दिन 15 जनवरी थी। आपने भारतीय सेना के स्वतंत्रता की पश्चात किए गए शौर्य गाथा का वर्णन विद्यार्थियों से किया तथा पीओके के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सेना जब रात को जागकर देश की सीमाओं की रक्षा करते है तब देशवासी सुखद नींदलेते हैं। सेना का गौरव एवं सम्मान सर्वोच्च है। प्रभारी प्रचार डॉ रंजन मिश्रा ने अध्यक्षता करते हुए कहा की भारतीय सेना विश्व में गौरवशाली स्थान रखती है हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने दिल में सेना के प्रति सम्मान का भाव रखें।

# निगमायुक्त ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त शहर का दिया संदेश

### नागरिक प्लास्टिक की थैली का उपयोग पूरी तरह से बंद करें कपड़े या जूट से बने थैलों का प्रयोग करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 प्रतियोगिता के अंतर्गत नगर निगम द्वारा की जा रही तैयारियों एवं शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने पीली कोठी, तिलकगंज स्थित सब्जी मंडी, गुजराती बाजार, संजय ड्राइव तथा छोटे तालाब सहित कई प्रमुख स्थलों का जायजा लिया और अधिकारियों को स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने दुकानदारों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे किसी भी स्थिति में दुकान की सामग्री सड़क पर न रखें। उन्होंने कहा कि सड़क पर सामग्री रखने से न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि यह स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर निगम की रैंकिंग को भी प्रभावित करता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दुकानों का सामान सड़क पर पाया गया तो अतिक्रमण टीम द्वारा संबंधित सामग्री जप्त कर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

निगमायुक्त खत्री ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से बंद करें तथा उसके स्थान पर कपड़े या जूट से बने थैलों का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक न केवल पर्यावरण के लिए घातक है बल्कि यह मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।मकर संक्रांति के अवसर पर गुजराती बाजार स्थित शंकर जी मंदिर में आयोजित "भोला भोग" कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त ने वहां किए जा रहे जीरो वेस्ट आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में प्लास्टिक से बनी डिस्पोजल सामग्री, जैसे प्लेट, गिलास व कटोरी का उपयोग बंद कर पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाए जाएं। इससे न केवल कचरे की मात्रा में कमी आएगी बल्कि शहर स्वच्छ एवं सुंदर बनेगा। पीली कोठी एवं तिलकगंज सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को नियमित सफाई, कचरा संग्रहण एवं निस्तारण व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। संजय ड्राइव स्थित छोटे तालाब की सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का भी अवलोकन करते हुए निगमायुक्त ने कहा कि जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिकता है।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है और इसमें जनसहभागिता ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सागर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने में सहयोग करें।

### केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर व्याख्यान का आयोजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

# विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के 'केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापना दिवस' के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के 'अभिमंच सभागार' में अत्यंत उत्साह और गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर 'शिक्षा, संस्कृति और समाज' विषय पर विशेष व्याख्यान और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और 'सरस्वती वंदना' के साथ हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रख्यात साहित्यकार और शिक्षाविद् प्रो. विजय बहादुर सिंह थे और अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलानुशासक प्रो. चंदा बेन और कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय मंचासीन थे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय ने स्वागत वक्तव्य देते हुए विश्वविद्यालय के केन्द्रीय बनने और उसके बाद की कई उपलब्धियों और यात्रा को साझा किया। कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने केंद्रीय विश्वविद्यालय बनने के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन 16 वर्षों में विश्वविद्यालय ने आधारभूत संरचना से लेकर शोध के क्षेत्र में लंबी दूरी तय की है। कुलपति ने विश्वविद्यालय की एक बड़ी उपलब्धि साझा करते हुए गर्व से कहा कि आज हमारा विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि इस विश्वविद्यालय के कई शिक्षक विश्व के शीर्ष 02 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हैं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों और शोधार्थियों की कड़ी मेहनत को दिया। हमें इस विश्वविद्यालय को और अधिक आगे ले जाना है।

मुख्य वक्ता के रूप में ऑनलाइन उपस्थित प्रख्यात साहित्यकार और शिक्षाविद प्रो. विजय बहादुर सिंह ने 'शिक्षा, संस्कृति और समाज' विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि शिक्षा वही है जो समाज को अपनी संस्कृति से जोड़े रखे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय बनने के बाद इस संस्थान की जिम्मेदारी बुंदेलखंड की संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर ले जाने की ओर बढ़ गई है। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए इस विश्वविद्यालय के उनके समय के शिक्षकों प्रो. डब्ल्यू डी. वेस्ट, आचार्य नंद दुलारे बाजपेयी, प्रो. श्यामाचरण दुबे, प्रो. के. डी. बाजपेयी, प्रो. भवालकर का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का मुझ पर ऋण है और यदि मैं इस विषय पर बोलते हुए कुछ नया सन्देश दे पाऊं तो मैं स्वयं को सार्थक समझूंगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त होने के बावजूद यह आवश्यक नहीं है कि वह संवेदनशील मनुष्य हो ही। कबीर ने कोई उपाधि नहीं ली थी लेकिन उनका सन्देश हम लोगों को बार-बार पढ़ना और समझना पड़ता है। प्रेमचंद के मंत्र कहानी के माध्यम से उन्होंने कहा कि मानवता सर्वश्रेष्ठ गुण है। भारत की ज्ञान परम्परा में लोक विरोधी ज्ञान को स्वीकृति नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का तभी मतलब है जब वह लोकोपकारी हो, लोगों के कल्याण के लिए हो, शिक्षा मनुष्यता सिखाती है। यदि हम संवेदना और मनुष्यता के साथ शिक्षा का सदुपयोग करेंगे तभी शिक्षा का उद्देश्य सिद्ध होगा।



## पटेरिया जी में बने जल कुंडों में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**गढ़ाकोटा**। मकर संक्रांति पर सिद्ध क्षेत्र पटेरिया में नवनिर्मित जल कुंडों में भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने अपने शरीर पर तिली लगाकर जलाशयों में स्नान किया तो वहीं मंदिरों में भगवान के दर्शन करने सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। एक दिन पूर्व यहां पटेरिया जल कुंडों में साधु संतों एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने विभिन्न पवित्र नदियों का जल समाहित किया था। हर साल की तरह इस साल भी पटेरिया क्षेत्र में भव्य मेला लगा। एक दिन पहले से ही आसपास के दुकानदारों ने अपनी दुकानें लगा ली थीं। मेले में आए लोगों ने खरीदारी की तो बच्चों ने झूला, चकरी सहित अन्य मनोरंजन की साधनों का लुफ्त उठाया। तो वहीं पार्क में भीड़ रही। इसके पहले ही नगर पालिका ने तमाम व्यवस्थाएं पूरी कर ली थी। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने मेले में जाकर बच्चों को खिलोने, मिठाई बांटी।

## सिने कलाकार अंकिता लोखंडे और विक्की जैन का रोड शो आज





**देवरीकलाँ**। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और बिग बॉस फेम अंकिता लोखंडे और उनके पति अभिनेता विक्की जैन देवरी आ रहे हैं, देवरी के कोयला परिवार की बहु अभिनेत्री अंकिता लोखंडे देवरी नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन के पक्ष में रोड शो करेंगी। प्रसिद्ध अभिनेत्री अंकिता लोखंड को टेलीविजन सीरियल पवित्र रिश्ता में अर्चना देशमुख का बेहतरीन अभिनय के लिए शोहरत मिली जिसके बाद उन्होने, कामेडी सर्कस कपिल शर्मा के साथ काम किया, हाल ही में उनकी फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर, बागी-3, मणिकर्णिका, द लास्ट कॉफी में भी उनके अभिनय को सराहा गया है। उन्होने बिग बॉस के 17 वे सीजन में भी भाग लिया था। उनकी फिल्म लव एण्ड वार को लेकर भी उन्हे काफी उम्मीदे है। देवरी के कोयला परिवार की बहू अभिनेत्री अंकिता लोखंडे देवरी नगर के कोयला परिवार की बहू है, उनका विवाह व्यवसायी विनोद जैन के सुपत्र अभिनेता विक्की जैन के साथ हुआ है। दोनो ने बिग बॉस के 17 सीजन में भाग लिया था। एवं 4 वर्ष पूर्व परिणय बंधन में बंध गये थे। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे एवं उनके पति विक्की जैन नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन के समर्थन में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे देवरी नगर के सहजपुर तिराहे से सिविल लाईन चौराहे तक रोड करेंगे उनके लिए वोट की अपील करेंगे। अलकेश जैन ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



## 31 जनवरी को होगा संत शिरोमणि सेन महाराज की मूर्ति का अनावरण : महापौर

**सागर**। सागर में सेन शक्ति महा संगठन द्वारा आयोजित भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर सम्मान समारोह सागर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें से नाचरे अचलानंद महाराज जोधपुर, मुख्यमंत्री मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री और विधायक भूपेंद्र सिंह ठाकुर, विधायक गण और जनप्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया है। इसके लिए गुरुवार को सेन समाज का प्रतिनिधि मंडल सागर नगर निगम महापौर सुशीला संगीता सुशील तिवारी के निवास पर पहुंचकर उनका आमंत्रण पत्र दिया। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सागर में संत शिरोमणि सेन जी महाराज जी के नाम पर चौराहा घोषित कर दिया गया है एवं मूर्ति की स्थापना 31 जनवरी को समाज के हजारों लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम में की जाएगी सभी समाज बंधुओ ने सम्मानित महापौर का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद व्यापित किया।

## युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित द्वि-दिवसीय स्वास्थ्य शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में युवा दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयुष विभाग के सहयोग से द्वि-दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में 14 जनवरी को किया गया।

शिविर के समापन दिवस 15 जनवरी को प्राचार्य डॉ. रंजना मिश्रा ने शिविर में पहुँचकर चिकित्सकों से भेंट की तथा राष्ट्रीय सेवा योजना, छात्र एवं छात्रा इकाई के अधिकारियों शिविर के सुचारू रूप से संचालन के लिए सहयोग संबंधी आवश्यक निर्देश दिये। शिविर में महाविद्यालय के स्टाफ, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों सहित 400 से अधिक लोगों ने पंजीयन कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। परीक्षण के साथ-साथ रोगियों को परामर्श एवं निःशुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया। अयुष विभाग की ओर से शिविर प्रभारी डॉ. कीर्ति पटेल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. माधुरी जैन एवं कम्पाउंडर बृजेन्द्र नामदेव, संगीता पाली एवं आशुतोष रावत की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. गोपा जैन, डॉ. संगीता मुखर्जी, डॉ. प्रतिभा जैन, राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिलाषा जैन, डॉ. रेनु सोलंकी, डॉ. राना कुंजर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, तथा डॉ. रविन्द्र सिंह, देवकृष्ण नामदेव, लक्ष्मी मिश्रा, स्वयंसेवक अनुज मिश्रा, राज आर्यन, प्रिंस पटेल आदि का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### बिजली बिल भरने के बाद भी संयोजन काटा

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला रावतयाना गोविन्दनगर निवासी नसरीन बानो पत्नी साकिर खान ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसके परिसर के बाहर मीटर लगा हुआ है, जिसका बिल 6 जनवरी को चुकता कर दिया था। बताया कि 14 जनवरी को अपराह्न 12 बजे बिजली विभाग के सम्बन्धित अधिकारी आये और उसका संयोजन काट दिया, जिससे बिजली बंद हो गयी। अब बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। बताया कि इसके पूर्व उनके पति के खिलाफ 1 लाख 21 हजार 780 रुपये का चालान काट मुकद्मा लिखा था। जिससे वह काफी परेशान हैं। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से मामले में कार्यवाही करने की मांग उठायी है।

### तालबेहट पुलिस ने पकड़ा शातिर चोर

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में थाना तालबेहट पुलिस ने धमकना निवासी रविन्द्र यादव पुत्र ईश्वरीय यादव को हिरासत में लिया है। पुलिस ने रविन्द्र यादव के पास से एक लावा कम्पनी का टेबलेट, एक इन्वर्टर, बैट्री, एक साउण्ड, एक माइक, एक कटर लोहा का, एक ड्रिल मशीन व एक हथौड़ी बरामद की है। शातिर चोर को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तालबेहट मनोज मिश्रा टीम के साथ शामिल रहे।

### मारपीट कर सोने की चेन छीनने का आरोप

**ललितपुर।** मोहल्ला गोविन्दनगर निवासी सलीम अली पुत्र मुबारक अली ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 जनवरी को अपराह्न ढ़ाई बजे महिला थाना में था। तभी इमामबाड़े पास जब वह था तब नदीपुरा निवासी कुछ लोग आये और उसे गालियां देते हुये थप्पड़ मार दिया और गले से सोने की चौन लेकर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीडित ने पुलिस से मामला दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### खेत जा रही महिला से की छेड़छाड़

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 10 जनवरी को जब वह अपने खेत पर जा रही थी, तभी गांव के जैन सिंह पुत्र मेवालाल यादव ने उसे रोका और मोबाइल नम्बर मांगने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर जैन सिंह ने उससे अश्लीलता करते हुये उसे जमीन पर पटक दिया। इस दौरान जब वह चिल्लायी तो जैन सिंह उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। मामले की शिकायत पुलिस चौकी तेरई फाटक में करने से बौखलाये जैनसिंह ने उसके घर आकर जान से मारने की धमकी दी। अब कोतवाली तालबेहट पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### स्कूटी सवार दोस्तों को बाइक चालक ने टक्कर मारी

**ललितपुर।** सिविल लाइन खांदी थाना तालबेहट में रहने वाले अनिल कुमार पुत्र स्व.कमल सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र आशीष आगवान अपने दोस्त हजारिया महादेव मंदिर के पास तालबेहट निवासी जितेन्द्र बिलगैंया पुत्र महेन्द्र कुमार के पास 31 दिसम्बर की रात 8.30 बजे अपनी होण्डा एक्टिवा नं. यू.पी. 94 ए.एफ. 5027 से एक साइड खड़े हुये थे, तभी ग्राम करीला के आमबाय निवासी नितिन पुत्र परमानन्द अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 ए.सी. 2157 पर तेजी व लापरवाही से आया और स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी और उसका पुत्र आशीष व उसका दोस्त जितेन्द्र मौके पर गिरकर बेहोश हो गये। सूचना मिलने पर वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों को उपचार के लिए सीएचसी तालबेहट ले गये, जहां दोनों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज भेजा गया। जहां मेडीकल कॉलेज के बाद निजी अस्पतालों में दोनों का उपचार किया गया। करीब 11 दिनों तक चले उपचार के बाद उसका पुत्र घर आ सका।

### सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में राजस्व व विकास कार्यों में मिला 9वां स्थान

# खराब प्रगति पर 4 अफसरों से मांगा स्पष्टीकरण, एक माह में प्रगति सुधारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए जनपद के विकास कार्यों की प्रगति जानी और खराब प्रगति वाले अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब करते हुए एक माह के भीतर प्रगति सुधारने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जनपद की रैंकिंग खराब करने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे, यदि इसके बाद भी प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं होगा तो सम्बंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बताया गया कि प्रदेश की रैंकिंग में ललितपुर को राजस्व मामलों में 9वां स्थान, विकास में 17वां एवं राजस्व व विकास में 9वां स्थान मिला है। समीक्षा के दौरान अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण विभाग, कृषि विभाग, भूमि संरक्षण विभाग और मत्स्य विभाग की योजनाओं की प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी और सहायक निदेशक मत्स्य का स्पष्टीकरण तलब किया, इसके साथ ही उद्योग, बेसिक शिक्षा, नई सड़कों के निर्माण, मत्स्य पट्टों, राज्य कर, निर्माण कार्यों आदि में की प्रगति में गिरावट के दृष्टिगत सम्बंधित अधिकारियों को एक माह का



अल्टीमेटम देते हुए प्रगति सुधारने के कड़े निर्देश दिये गए। इसी श्रंखला में फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान मृतक किसानों का डाटा डिलीट करने व किसान क्रेडिट कार्ड की लंबित पत्रावलियों का एलडीएम से समन्वय कर निस्तारित कराने के निर्देश दिये गए।

#### इकाई कलेक्शन सेंटर संचालित कराएं

पशु पालन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में अण्डा उत्पादन इकाई की स्थापना के लिए लाभार्थियों को जागरुक करने के निर्देश दिये, साथ ही सभी अधिकारियों को पर्यटन विभाग की बेड एण्ड ब्रेकफास्ट योजना में अधिक से अधिक पंजीकरण कराने के लिए आमजन व स्थानीय कर्मचारी जिनके पास कम से कम 6 कमरों वाला मकान हो, के रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तर पर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन इकाई कलेक्शन सेन्टर संचालित करायें। इसके अलावा सभी अधिकारी सूचना विभाग द्वारा प्रतिदिन प्रातरू उपलब्ध करायी जा रही निगेटिव न्यूज की निस्तारण आख्या दोपहर तक अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि शाम तक शासन को रिपोर्ट भेजी जा सके।

#### व्यय व अवशेष बजट की समीक्षा कर लें

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, इसलिए सभी विभागों के साथ एक बैठक कर उनके व्यय व अवशेष बजट की समीक्षा कर लें। जीरो पॉवरटी अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि व अपने-अपने लक्ष्यों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चत करें, अगले हफ्ते इसकी समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, उसमें किसी की भी प्रगति खराब न रहे। 24, 25 और 26 जनवरी को आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस के सम्बंध में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए निर्देश दिये कि अभी से आयोजन की तैयारियां पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि आयोजन पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न हो। इस दौरान सीडीओ शेषनाथ चौहान, पीडी डीआरडीए, डीडीओ, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, ग्रामीण अभियंत्रण एवं अन्य कार्यदायी विभागों के अधिशासी अभियंता, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण, सूचना व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### दसवां सशस्त्र सेना वेटरंस दिवस

## पूर्व सैनिकों, विशिष्ट पदक विजेता व वीरांगनाओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

14 जनवरी को 10वे सशस्त्र सेना वेटरन्स दिवस पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बुधवार को कैम्प कार्यालय में जिले की वीर नारियों एवं वीरता व विशिष्ट पदक विजेताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि कोई भी देश तभी प्रगति करता है जब वहां का बोर्डर सुरक्षित होता है, हमारे देश की प्रगति के लिए सेना का योगदान अभूतपूर्व है। सैनिकों और उनके आश्रितों की किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। आज का दिन पूर्व सैनिकों की वीरता और बलिदान के प्रति सम्मान प्रकट करने का दिन है, हमारे पूर्व सैनिकों का साहस और देशभक्ति हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

जिलाधिकारी ने जनपद की वीर नारी संध्या चंदेल पत्नी स्व.चरण सिंह ग्राम सौजना एवं पूर्व सैनिकों को सर्टिफिकेट, शॉल व स्मृति चिन्ह भेट स्वरुप प्रदान कर सम्मानित किया। एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने भी अपने व अपने परिवार द्वारा सेना में की गई सेवाओं के बारे में अनुभव साझा किये गए और सभी पूर्व सैनिकों के साहस को नमन किया गया।

### समता एक्सप्रेस से चोरी हुआ बैग

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिला अंतर्गत थाना नगरा के बहोर का पुरा (पोरसा) निवासी सचिन राजपूत पुत्र रविन्द्र राजपूत ने जीआरपी को तहरीर दी है। बताया कि बीती 27 दिसम्बर को वह दुर्ग से ग्वालियर के लिए समता एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहा था। ललितपुर पर उसने देखा कि उसका रैक पर रखा नीले रंग का बैग गायब था। बैग में पर्स, 10 व 12 की मार्कशीट, बीएससी की मार्कशीट, बैंक पासबुक, ए.टी.एम. पीएनबी बैंक, पेनकार्ड, आधार कार्ड, आय व निवास प्रमाण पत्र, स्टेट जाति, सेन्ट्रल जाति, परिवार आई.डी., आईटीबीपी फिजिकल क्वाली स्लिप आदि थे।

## कलेक्ट्रेट में आपदा मित्रों व सिविल डिफेंस के सदस्यों को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ने कलेक्ट्रेट में आपदा मित्रों एवं सिविल डिफेंस के सदस्यों को यातायात का प्रशिक्षण देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। अभियान के अंतर्गत यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने सभी को यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया। अभियान में बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने के नियम का पालन, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने एवं निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाने की अपील, कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं तथा आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

## ब्राह्मण समाज में फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने से आक्रोश व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सोशल मीडिया पर एक समाज विशेष के लिए की गयी टिप्पणी पर आक्रोश व्यक्त करते हुये सवर्ण आर्मी ने जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत के नेतृत्व में एसपी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। बताया कि मूल रूप से महरौनी और हाल में मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ में निवासरत व्यक्ति पर विगत कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया के फेसबुक एकाउण्ट पर ब्राह्मण समाज के लिए अपशब्दों का प्रयोग करते हुये टिप्पणी को पोस्ट किया गया है।

इस कृत्य से ब्राह्मण समाज में काफी रोष व्याप्त है। बताया कि पोस्ट करने वाला व्यक्ति काफी शातिर किस्म का आपराधिक व्यक्ति है और पूर्व में कई मामले दर्ज किये गये हैं, जिसके चलते उक्त व्यक्ति जेल भी जा चुका है। उन्होंने एसपी से उक्त फेसबुक आईडी को ब्लॉक



करायी जाकर उक्त व्यक्ति पर आपराधिक मामला दर्ज करा सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय इन्द्रेश तिवारी, शुभम पस्तोर, रोहित चौबे, वेदप्रकाश लिटौरिया, अनुराग विदुआ, विनोद कुमार मिश्रा, महेन्द्र कुमार मिश्रा, आशीष, विनीत तिवारी, नेहा तिवारी, शुभम तिवारी, डा.दीपक पस्तोर, कृष्णकान्त कांकर, आलोक चतुर्वेदी, प्रदीप रिछारिया, श्याम बिहारी दीक्षित, गौरव शर्मा के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।

## एनडीए गठबंधन व चुनाव पर्यवेक्षक का लखनऊ पहुंच कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शिवसेना (शिंदेगुट) के मुख्य राष्ट्रीय एनडीए गठबंधन एवं चुनाव परिवेक्षक अभिषेक वर्मा लखनऊ के आगमन पर जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने अपने सभी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ पहुंचे और चरण सिंह चौधरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अडडा अमौसी लखनऊ राष्ट्रीय एनडीए गठबंधन एवं चुनाव पर्यवेक्षक अभिषेक वर्मा का स्वागत किया। तत्पश्चात होटल ताज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में अभिषेक वर्मा एनडीए राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय दुबे एवं राज्य प्रमुख स्नेहकर सुरेश करमाकर एवं समस्त पदाधिकारीगणों एवं सदस्यों का स्वागत सम्मान किया। मीटिंग में शिवसेना एकनाथ (शिंदेगुट)चुनाव संबंधित विषयों पर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया अंत में पर्यवेक्षक अभिषेक वर्मा ने



जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विजय नामदेव, छोटू प्रजापति, दिग्विजयसिंह बुंदेला, कपिल नामदेव, सोनू कुशवाह, सुनील रैकवार, रामस्वरूप नामदेव, गणेशाराम रजक, अर्जुन बरार, सुरेंद्र रैकवार, सोनू चंदेल, राजीव कुशवाहा, अश्वनी शर्मा, भगवानदास चंदेल, जसवंत नामदेव, सत्यम ताम्रकार, शिकारीलाल सेन, अनिकेत कुशवाहा, राजा नामदेव, शिवम ताम्रकार, सुखलाल कुशवाहा, शिव कुमार चंदेल उपस्थित रहे।

## नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले शातिर बदमाश को जखौरा पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में थाना जखौरा पुलिस ने वांछित जिला लखनऊ के थाना इटौजा अंतर्गत ग्राम अटेसुआ निवासी अमरसिंह पुत्र राम बहादुर सिंह को हिरासत में लिया है। पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि बांसी निवासी देवेन्द्र पुत्र रामनाथ अहिरवार ने शिकायत दर्ज करायी थी, जिसमें उसने दो माह पूर्व वादी व अन्य पीडितों को संविदा



पर नौकरी दिलवाने के नाम पर रूपये ले लेना तथा कूटरचित नियुक्ति पत्र वादी को देना का आरोप लगाते हुये उसके घर जाकर धोखाधडी के सम्बन्ध में उलाहना देना व रुपये वापस मांगने पर गाली-गलौज कर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने के सम्बन्ध में दिया गया था। प्रकरण को लेकर थाना जखौरा पुलिस ने 08 अगस्त अभियोग पंजीकृत कर रामप्रसाद सेन व संजीव को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गयी थी।

## ऋण धारकों की समस्याओं का निराकरण होगाः जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बेसिक शिक्षा परिषद शिक्षक कर्मचारी वेतन भोगी सहकारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक समिति कार्यालय पर समिति सभापति सत्येंद्र जैन की अध्यक्षता व सचिव प्रशांत राजपूत के संचालन में संपन्न हुई। जिसमें समिति की ओर से अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

समिति उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा ने प्रस्ताव रखा कि 5 वर्ष की तय सीमा में या नियमित ऋण किस्त जमा न करने वाले ऋण धारकों को नोटिस जारी करते हुए माह जनवरी में उत्तर प्रदेश सहकारी समिति 1965 की धारा 95 (क) की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जाय, जिस पर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी व उपनिबंधक सहकारिता द्वारा दिये गए दिशा निर्देश के क्रम में ऋण धारकों के ऋण धन का बीमा कराया जाएगा। ऋण समिति संचालन की सदस्य मधुश्री खरे एवं बबीता रिछारिया ने प्रस्ताव रखा कि इस वर्ष समिति का वार्षिक महोत्सव आयोजित किया जाय। समिति संचालक सदस्य शक्ति सिंह एवं परशुराम निरंजन ने कहा की पूर्व की भांति कार्यालय वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा)से पूर्व की भांति ऋण किस्त की कटौती प्रारम्भ कराई जाय। कार्यालय से अभी भी एक प्राइवेट संस्था की किस्त की कटौती हो रही है। ऋण समिति सभापति सत्येन्द्र जैन ने कहा कि ऋण धारकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उनके समस्त हितों का समिति की ओर से ध्यान रखा जाएगा।

### बृजनंदन शर्मा की पुण्यतिथि मनाई

## राज्यमंत्री ने पुष्पांजलि अर्पित कर संस्मरणों को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रख्यात स्वतत्रंता संग्राम सेनानी पं.बृजनन्दन शर्मा की 25वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। पं.बृजनन्दन शर्मा सुपर मार्केट में स्थित उनकी मूर्ति पर राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, पूर्व नपाध्यक्ष अशोक पटैरिया, रेडक्रॉस सोसायटी मंत्री डा.एस.पी. पाठक, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले, आशीष चौबे एवं वरिष्ठ पत्रकार पवन संज्ञा ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। राज्यमंत्री ने कहा कि पं.बृजनन्दन शर्मा का देश के लिये किया गया बलिदान अतुल्यनीय है।


उन्होंने देश के लिये अपना संपूर्ण जीवन अर्पित कर दिया। वे ऐसे सैनानी थे जिन्होंने 14 वर्ष की उम्र में जेल जाकर अंग्रेजो की जालिम सरकार के खिलाफ बिगुल बजा दिया था तथा अंग्रेजों की कठोर यातनाओं के सामने नहीं झुके तथा पूरी ताकत से स्वतत्रंता संग्राम में अपना श्रेष्ठ योगदान देते रहे।

### ऑनलाइन खरीद का मामला, उपभोक्ता आयोग में झुकी दिग्गज कंपनी

## 1004 रुपए के ईयर बड्स, फ्लिपकार्ट को जुर्माना में देना पड़े 11 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म्स पर सामान बेचने के बाद अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने वाली कंपनियों को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कड़ा सबक सिखाया है। मात्र 1004 रुपये के खराब ईयरबड्स को न बदलने और उपभोक्ता को मानसिक प्रताड़ना देने के मामले में फ्लिपकार्ट कंपनी ने समझौते के तहत परिवादी को 11,000 रुपये का भुगतान करने की पेशकश की, जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए मामले का निस्तारण कर दिया। नेहरूनगर, ललितपुर निवासी शेरसिंह यादव (एडवोकेट) ने 24 जुलाई 2023 को फ्लिपकार्ट से बोट एयरडोपस 161 प्रो ऑनलाइन ऑर्डर किए थे। 29 जुलाई को डिलीवरी मिलने के बाद जब उन्होंने इसका उपयोग किया, तो ईयरबड्स की बैटरी और टच कंट्रोल खराब निकले। परिवादी ने निर्धारित 7 दिनों की रिप्लेसमेंट समय-सीमा (5 अगस्त) के भीतर ही 3 अगस्त को रिटर्न रिक्वेस्ट दर्ज करा दी थी। इसके बावजूद फ्लिपकार्ट ने 8 अगस्त को यह कहते हुए रिक्वेस्ट खारिज कर दी कि रिप्लेसमेंट की समय-सीमा समाप्त हो चुकी



है। इसके बाद उपभोक्ता ने फ्लिपकार्ट और बोट कंपनी के हेल्पलाइन नंबरों पर भी संपर्क किया, लेकिन दोनों कंपनियों ने एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ लिया। उपभोक्ता अधिकारों के हनन और सेवा में कमी को देखते हुए शेर सिंह यादव ने अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान के माध्यम से नोटिस भेजा और अंततरू जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद संख्या 114/2023 दर्ज कराया।

#### न्यायालय की प्रक्रिया के दौरान

विपक्षी कंपनी फ्लिपकार्ट आयोग के समक्ष हाजिर हुई, दूसरी विपक्षी कंपनी बोट अनुपस्थित रही, मामले की गंभीरता और साक्ष्यों को देखते हुए फ्लिपकार्ट कंपनी ने अपनी गलती सुधारते हुए समझौते की पेशकश की, 09 जनवरी 2026 को न्यायालय के समक्ष हुए समझौते में फ्लिपकार्ट ने 1004 रुपये के मूल उत्पाद के बदले 11,000 रुपये (मुबलिग ग्यारह हजार) हर्जाने के तौर पर देना स्वीकार किया। जिला उपभोक्ता आयोग के इस आदेश ने स्पष्ट कर दिया है कि उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी या सेवा में लापरवाही बरतने पर कंपनियों को भारी हर्जाना भुगतना पड़ सकता है। शेर सिंह यादव ने इस फैसले को आम उपभोक्ताओं की जीत बताया है। जागरूकता और अधिवक्ता के वक्तव्य को शामिल करते हुए यह खबर अब और भी प्रभावशाली लगेगी। आप इसे समाचार के अंत में या अलग से हाइलाइट करके लगा सकते हैं।

#### उपभोक्ता बनें जागरुक

धोखाधड़ी होने पर क्या करें ? बिल और रसीद संभालें ऑनलाइन शॉपिंग में ऑर्डर आईडी और इनवॉइस को हमेशा सुरक्षित रखें। रिप्लेसमेंट या रिफंड की समय-सीमा के अंदर ही शिकायत दर्ज करें और उसका स्क्रीनशॉट जरूर ले लें। कस्टमर केयर रिकॉडरू हेल्प लाइन पर की गई बात का समय और रिफरेंस नंबर नोट करें। कानूनी सहारारू यदि कंपनी सुनवाई नहीं करती है, तो ई-दाखिल पोर्टल के माध्यम से या जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज करें। अब शिकायत दर्ज करना बहुत सरल है।

#### अधिवक्ता का कहना है

मामले की पैरवी कर रहे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि यह लड़ाई केवल 1004 रुपये के ईयरबड्स की नहीं, बल्कि उपभोक्ता के सम्मान और उनके अधिकारों की थी। बड़ी कंपनियाँ अक्सर तकनीकी खामियों का बहाना बनाकर आम जनता को परेशान करती हैं और यह मान लेती हैं कि कम कीमत के सामान के लिए कोई कोर्ट नहीं जाएगा। हमारा उद्देश्य समाज में यह संदेश देना था कि सेवा में कमी को बर्दाश्त न करें। 1004 रुपये के बदले 11,000 रुपये का यह समझौता उन सभी कंपनियों के लिए चेतावनी है जो ग्राहकों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेतीं। कानून हर नागरिक के साथ खड़ा है, बस जागरूक होने की आवश्यकता है।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजयपुर से शामिल नहीं हुआ एक भी विद्यार्थी

# बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा, जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 6 का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिला स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन गुरूवार को डइट परिसर में किया गया। खंड स्तरीय प्रतियोगिता के बाद चयनित 15 बाल वैज्ञानिकों (विद्यार्थियों) ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन इस प्रतियोगिता में ऐसा किया कि उनमें से 6 का जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन करना चयन समिति के लिए मुश्किल काम हो गया था।

इस कठिन प्रतियोगिता में जिन 6 बच्चों का चयन किया गया उनमें तीन कराहल विकासखंड के और तीन श्योपुर विकासखंड के हैं। आदिवासी बच्चों की प्रतिभा को देख आयोजक भी दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजयपुर विकासखंड से एक भी विद्यार्थी का चयन नहीं होना आश्चर्य जनक रहा।

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिले के तीनों विकास खंड स्तर पर प्रतियोगिता के बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यार्थी अपने मार्गदर्शी शिक्षकों के साथ मॉडल प्रदर्शन, एकल पर्यावरण गीत, लघु नाटिका, प्रश्न मंच एवं विचार संगोष्ठी जैसी विभिन्न विधाओं में सहभागिता करने जिला मुख्यालय स्थित डाइट परिसर पहुंचे। निर्णायक मंडल द्वारा जिला स्तर से प्रत्येक विधा में 2-2 विद्यार्थियों का चयन किया गया जो जोन स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहां से चयन के बाद उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जा सकता है। इस दौरान आयोजन के नोडल अधिकारी डीईओ एमएल गर्ग के प्रतिनिधि के रूप में प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे सहायक संचालक (शिक्षा) यश जैन ने चयनित विद्यार्थियों को जोन स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान डीपीसी भूपेंद्र शर्मा, एपीसी राकेश शर्मा, राम अवतार शर्मा, एवं डाइट फैकेल्टी राजेश त्रिवेदी, प्रदीप मुदगल, गिरधर गोपाल गर्ग, मार्गदर्शक शिक्षक मौजूद रहे।



### इन विद्यार्थियों का हुआ जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

गणित : रत्नेश यादव शा.मा.वि. बांसेड (कराहल) एवं लक्ष्मी मीणा शा.मा.वि. वार्ड नं 8 (श्योपुर)

विज्ञानः केशव मुद्गल शा.मा.वि. कुड़यता (श्योपुर) एवं जोया कुरैशी शा.मा.वि. नंबर 01 (श्योपुर)

एकल गीतः नीरज यादव शा.मा.वि. ऊंची राहरोन (कराहल)

सेमिनारः निर्मला गोरसिया शा.मा.वि. झिरनिया (कराहल)

### विजयपुर में शिक्षकों की लापरवाही से बच्चे प्रतियोगिता से वंचित

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हालांकि श्योपुर कराहल और विजयपुर विकासखंड के विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता आयोजित कराई गई थी खंड स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने के बाद उन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी करनी थी पर श्योपुर और कराहल विकासखंड से तो चयनित विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए लेकिन विजयपुर विकासखंड से एक भी विद्यार्थी शामिल नहीं हुआ इसके पीछे वहां के शिक्षकों की लापरवाही बताई जा रही है प्रतियोगिता से जुड़े कर्मचारियों ने बताया कि विद्यालय स्तर पर आयोजित कराने के बाद संकुल केंद्र आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के बाद खंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए संबंधित शिक्षक को विद्यार्थी का नाम ऑनलाइन करना था ऑनलाइन करने के बाद ही विद्यार्थी को खंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जाना था पर विजयपुर में एक भी विद्यार्थी का पंजीयन वहां खंड स्तरीय प्रतियोगिता ही आयोजित नहीं हो सकी। हालांकि श्योपुर और कराहल में भी कई संकुल केंद्रों पर पंजीयन नहीं हो सका जिसके कारण विद्यार्थियों को खंड स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी करने से एक तरीके से शिक्षकों द्वारा रोका गया है। अब यह लापरवाही क्यों बरती गई इस मामले में शिक्षा विभाग अथवा कलेक्टर व आलाधिकारियों को संज्ञान लेना चाहिए वह संज्ञान लेते हैं या शिक्षा विभाग का ढर्रा इसी तरह बैठता रहेगा यह देखने वाली बात होगी।

### इनका कहना है...

विजयपुर से एक भी मॉडल प्रदर्शन के लिए नहीं आया है यह घोर लापरवाही है इस संबंध में मैने जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत करा दिया है। पत्र भी लिखूंगा। संबंधित शिक्षकों को अथवा प्रिंसिपलों को नोटिस भी वहीं से जारी होंगे और कार्रवाई भी उन्हीं को करनी है।

भूपेंद्र शर्मा
डीपीसी श्योपुर

## श्रीरामकथा में छठे दिन श्रीराम के वन गमन का प्रसंग सुनाया

# श्रीराम ने जिस तरह अपने कर्तव्यों का पालन किया, उसी तरह हमें भी अपने परिवार के साथ अच्छे रिश्ते बनाने चाहिएःशास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्राम नागदा स्थित संत श्री मौनी बाबा के आश्रम नागेश्वर धाम पर आयोजित संगीतमयी श्रीरामकथा के छठे दिन कथावाचक पं हरिओमशरण शास्त्री ने भगवान श्रीराम के वन गमन का प्रसंग विस्तार से सुनाया। साथ ही इससे जुड़ी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। कथा वाचक पं हरिओम शरण शास्त्री ने कहा कि प्रभु श्री राम को अयोध्या की जनता बेहद प्यार करती थी और वे चाहते थे कि राम अयोध्या के राजा बनें। राज्याभिषेक की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन कैकेयी की दासी मंथरा ने कैकेयी के मन में भरत को राजा बनाने का विचार डाला और श्रीराम को चौदह वर्षों के लिए वनवास पर भेजने की मांग की। मंथरा के षडयंत्र के कारण कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वचन लिए, जिसके कारण राम, लक्ष्मण और सीता ने घर छोड़कर वन जाने का निर्णय लिया। कथा वाचक शास्त्री ने कथा के दौरान यह भी संदेश दिया कि आजकल सास-बहू का रिश्ता बहुत नाजुक हो गया है और बात-बात पर झगड़े हो जाते हैं।



उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राम ने अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वन जाने का संकल्प लिया, जो परिवार के आपसी संबंधों की महत्ता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अगर सास अपनी बहू को बेटी की तरह समझे और बहू अपनी सास को मां की तरह समझे तो यही रिश्ते सुखी और आनंदपूर्ण हो सकते हैं। राम के वन गमन के प्रसंग को सुनते हुए श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा वाचक ने अपने प्रवचनों के माध्यम से जीवन में मर्यादाओं और परिवारिक रिश्तों के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि जैसे राम ने अपने कर्तव्यों का पालन किया, वैसे ही हमें भी अपने परिवार के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने चाहिए। कथा के दौरान बीच बीच में गाए मधुर भजनों पर श्रद्धालु थिरके।

# डीजे की बात को लेकर पुजारी को पीटा, तीन पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के ब्राह्मण पाडा निवासी एक पुजारी की नामजद आरोपियों ने डीजे चलाने से रोकने संबंधी बात को लेकर गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट का यह मामला गुरूवार की दोपहर का है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में दो नामजद और एक अज्ञात समेत तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि ब्राह्मण



मोहल्ला श्योपुर निवासी रमाशंकर पुत्र केदारलाल शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गुरूवार की दोपहर को करीब एक बजे कलेक्ट्रेट में कोई जरूरी काम से आने के बाद वापस अपने घर पहुचा था,तभी वहां मेरे पास पडोस में रहने वाले सरफराज खान, साबिर मुसलमान अपने एक साथी के साथ पहुंचे और बोले कि तेरे लडके सौरभ ने हमे डीजे चलाने से क्यो रोका और फिर गाली गलौच करते हुए उन्होने डंडे और थापघूसों से मारपीट कर दी। जिससे डंडे के प्रहार से सिर लहुलूहान हो गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने सरफराज, साबिर तथा एक अन्य के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## एक आरोपी पर 30 हजार तो दूसरे पर 25 हजार का जुर्माना भी लगाया

# बालिका की गर्दन पर चाकू रखकर गैंगरेप करने वाले दो दोषियों को आजीवन कारावास



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एक 15 साल की नाबालिग बालिका की गर्दन चाकू रखकर उसके साथ गैंगरेप करने वाले दो दोषियों को श्योपुर की तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट बबीताहोरा शर्मा की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुना दी है। दोनो आरोपी श्योपुर शहर के निवासी है। जिनमें एक आरोपी पर 30 हजार तो दूसरे आरोपी पर 25 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है। करीब डेढ साल पुराना यह चर्चित मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। विशेष बात यह है कि इस मामले में दोनो आरोपियों को न्यायालय ने जमानत देने के बजाए मामले में शीघ्रता से विचारण करते हुए सजा ही सुना दी। साथ ही न्यायालय ने 10 लाख रूपए की राशि प्रतिकर के रूप में पीडित बालिका को दिए जाने का आदेश भी दिए है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक प्रतिभा उमरैया तथा एडीपीओ रिचा शर्मा के द्वारा की गई।

एडीपीओ रिचा शर्मा ने बताया कि यह मामला 16 सितंबर 2024 को तब घटित हुआ,जब 15 वर्षीय बालिका दोपहर के वक्त अपने ही मोहल्ले में लगी दुकान पर सामान लेने के लिए जा रही थी। तभी रास्ते में गली के पास ही नानका उर्फ शोएब पुत्र सरफराज खान 21 वर्ष मिला गया,जो मौका देखकर बालिका को हाथ पकडकर मकान के अंदर खींच ले गया,जहा से पहले से मौजूद दूसरे आरोपी मोहसिन पुत्र मकसूद खान 23 वर्ष ने पीडिता बालिका की गर्दन पर चाकू लगा दिया। इसके बाद पीडिता के साथ दुष्कर्म किया गया। तभी वहां दुकानदार पहुंच गया,जिसका मोहसिन से झगडा हो गया और झगडे की आवाज सुनकर पीडित बालिका के परिजन आ गए,जिन्होने बालिका को घर के अंदर से बाहर निकाला और कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने दोनो आरोपियों को अरेस्ट करने के बाद जेल भेजा और फिर विवेचना पूरी कर चालान विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने दोनो आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सुना दी।

### समाज में बच्चों की सुरक्षा के प्रति भय और असुरक्षा की भावना उत्पन्न करते हैं ऐसे कृत्य

इस मामले में विशेष न्यायालय ने गुरूवार को सुनाए अपने फैसले में उल्लेख किया है कि नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना अत्यंत गंभीर अपराध की श्रेणी में आती है। ऐसे कृत्य समाज में बच्चों की सुरक्षा के प्रति भय और असुरक्षा की भावना उत्पन्न करते है। यदि मासूम बच्चे भय और असुरक्षा में रहेगे तो न केवल उनका बल्कि अपितु देश का विकास भी बाधित होगा। न्यायालय ने इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के साथही एक आरोपी नानका उर्फ शोएब पर 25 हजार रूपए और दूसरे आरोपी मोहसिन पर 30 हजार रूपए का अर्थदंड भी रोपित किया है।

# समय सीमा में नहीं किया काम, श्योपुर जनपद सीईओ पर 5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत समय सीमा में आवेदन का निराकरण नही करने पर सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर पर 5 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

जारी आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत समय अवधि में आवेदन का निराकरण नही किये जाने के चलते 5 हजार रूपये की शस्त्री अधिरोपित की गई है।



### मोरावन में कबड्डी, सेमल्दा क्रिकेट खेलो का आयोजन

श्योपुर। आनंद उत्सव के तहत गुरूवार को जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायत मोरवान में कबड्डी और जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत मानपुर में रस्साकसी, गिल्ली डंडा जैसे परम्परागत खेलो का आयोजन किया गया। सेमल्दा में क्रिकेट खेल आयोजित किए गए जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं एवं बुजुर्ग लोगों ने सहभागिता की। इसी के साथ नगरीय क्षेत्र नगर परिषद बड़ौदा में भी आनंद उत्सव अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हायर सैकेण्डी विद्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि राजू सुमन, उपाध्यक्ष धारा सिंह बंजारा, सीएमओ ताराचंद धूलिया, पार्षदगण एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर राजा खान ने बताया कि 16 जनवरी को श्योपुर जनपद की दांतरदा कला एवं जावदेश्वर विजयपुर जनपद की गसवानी एवं चेटीखेड़ा ओर कराहल जनपद की बगवाज एवं कैलोर के साथ नगरीय क्षेत्र विजयपुर में कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे।

## निर्देशः अधिकारी वार्डों का भ्रमण कर समस्याओं का निराकरण करें

# पाइप लाइन बिछाने खोदी जा रही सड़कों का रिस्टोरेशन करें:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने एमपीयूडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जलावर्धन योजना के तहत शहर में पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी जा रही सडको एवं सीसी रोड का रिस्टोरेशन तत्परता से किया जाये। इसके साथ ही अधिकारी वार्डो में भ्रमण कर समस्याओं का निराकरण कराए।

कलेक्टर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, सुजीत गर्ग, नगरपालिका सीएमओ राधेरमण यादव सहित नगरपालिका श्योपुर के पार्षदगण तथा एमपीयूडीसी के अधिकारी उपस्थित थे।




कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि विभिन्न वार्डो में संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाये तथा वार्ड पार्षदों द्वारा अवगत कराये जाने पर तत्काल समस्या निराकरण की दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। पाईपलाइन बिछाने के लिए कटर के माध्यम से सीसी सडक को खोदा जायें, जिससे अनावश्यक रूप से सडक का अन्य हिस्सा खराब न हों। इसके उपरांत पाइपलाइन की टेस्टिंग शीघ्रता से करते हुए सडक का रिस्टोरेशन सुनिश्चित किया जायें। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है, शहरी क्षेत्र में कार्य शेष है, जिसे पूरा कराया जा रहा है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों द्वारा उपयोगी सुझाव दिये गये।

बता दें कि इस मामले को लेकर नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल के द्वारा प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला को आवेदन सौंपकर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता जताई गई थी। इसके बाद प्रभारी मंत्री के द्वारा अधिकारियों को इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को लेकर प्रशासन की किसानों के साथ बैठक आयोजित

# 15 दिन में 10 गांवों के खेतों में पहले होगा पानी पहुंचाने का परीक्षण, फिर होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना कमांड क्षेत्र के किसानों और विभागीय अधिकारियों की आयोजित हुई बैठक में कंपनी के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि अगले 15 दिन में सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के माध्यम से 10 गांवों के खेतो में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा। साथ ही खेतो तक पानी पहुंचाए जाने का काम क्षेत्र के किसानों को भी मौके पर ले जाकर दिखाया जाएगा। इसके 15 दिन बाद इस काम की समीक्षा कलेक्टर की मौजूदगी में किसानो के साथ आयोजित होने वाली बैठक के दौरान की जाएगी। कंपनी के अधिकारियों ने यह भरोसा कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशो के बाद दिया है।

दरअसल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया इस परियोजना की डीपीआर के अनुसार सभी कार्य पूर्ण कराये जायेगे तथा सिंचित लक्ष्य 12 हजार हेक्टयर में सिंचाई की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध उक्त परियोजना के माध्यम से कराये जायेगे। अगले 15 दिवस में कम से कम 10 ग्रामों के किसानों को सिंचाई की सुविधा सुचारू करने का लक्ष्य रखते हुए पानी चलाकर दिखाया जायें। इसकी समीक्षा अगले 15 दिन बाद आयोजित होने वाली बैठक में की जाएगी।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बैठक के दौरान कहा कि परियोजना के लिए जिस प्रकार की डीपीआर बनाई गई है, उसी अनुरूप शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराया जायेगा तथा सभी को इस योजना से सिंचाई के लिए पानी मिले, इसके लिए कंपनी को पाबंद करते हुए कार्य किया जायेगा। प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए अधूरे कार्य पूर्ण कराये जायेगे। परियोजना के कंमाड क्षेत्र के किसानों की इससे संबंधित सभी समस्याओं का निदान किया जायेगा तथा क्रियान्वयन कंपनी के माध्यम से शत प्रतिशत किसानों के खेतो में पानी पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराई जायेगी।



### ये अधिकारी मौजूद रहे बैठक में

कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में क्षेत्रीय किसानों के साथ जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री चैतन्य चौहान, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी डब्ल्यूपीआईएल के दिग्विजय सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### 5 साल तक परियोजना का संचालन करेगी कंपनी

यहां बता दें कि डब्ल्यूपीआईएल कंपनी द्वारा इस चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का निर्माण किया गया है, जिसमें इजरायली टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हुआ है, किसानों के खेतो तक पानी पहुंचाने के लिए दबाव एवं प्रेशर तकनीकी का उपयोग कर पाइपलाइन डाली गई है। इसमें स्प्रिंकलर सिस्टम से सिंचाई का प्रावधान है, इसके अंतर्गत हिरनीखेडा में इंटेकबैल और पम्पहाउस बनाये गये है तथा लून्ड में बूस्टर पम्प लगाया गया है, कंपनी को 5 साल तक परियोजना का संचालन करना है। इसके कुल 782.43 किलोमीटर ग्रेविटी लाइन बिछाई गई है, इसके अलावा मैन लाइन का कार्य अलग है, जल वितरण के लिए 413 बॉक्स में से अभी तक 404 बॉक्स लगा दिये गये है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक तीस हेक्टयर के मान से एक बॉक्स लगाया गया है, और एक बॉक्स से 4 से 5 आउटलेट दिये गये है। उन्होंने जानकारी दी कि जीएम-1 और जीएम-2 की टेस्टिंग कर ली गई है तथा जीएम-3 की ट्रायल टेस्टिंग की जा रही है।

# खेतों पर जाने वाले रास्ते अतिक्रमण की चपेट में, प्रशासन कराए मुक्त




### भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन सौंपकर उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में जो रास्ते खेतो पर जाते है,वे रास्ते ज्यादातर अतिक्रमण के शिकार बने हुए है। जिसकारण किसानों को अपने खेतों पर पहुंचने में खासी असुविधाएं झेलनी पड रही है। इसलिए प्रशासन इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए खेतो के रास्तो को अतिशीघ्र अतिक्रमण से मुक्त कराए। गुरूवार को यह मांग भारतीय किसान संघ ने सीएम के नाम एक ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपकर उठाई है।

गुरूवार को भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी की अगुवाई में जिले के किसान संघ पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी मासिक बैठक आयोजित करने के बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां किसान संघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। नारेबाजी करने के बाद सीएम के नाम डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौपे गए ज्ञापन में खेतों के रास्तो को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के साथही किसानों को मांग अनुसार खाद उपलब्ध कराए जाने, सबमर्सिबलो पर बढ़ाए गए एचपी को जांच उपरांत दुरस्त करने, श्योपुर जिले में कृषि महाविद्यालय खोले जाने, लागत के आधार पर फसलों का लाभ कारी मूल्य दिए जाने, सहकारिता का जिला मुख्यालय श्योपुर बनाए जाने जैसी मांगे ज्ञापन में प्रमुखता के साथ उठाई गई। ज्ञापन सौपने के दौरान जिला युवा संयोजक जितेंद्र मीणा, अर्जुन प्रजापति, कार्यालय मंत्री भीम सिंह जाट महावीर मीणा हनुमान मीणा महेंद्र मीणा सहित बडी संख्या में किसान संघ कार्यकर्ता व किसान मौजूद थे।

# विजयपुर सीएमओ के साथ गाली गलौज और अभद्रता एफआईआर दर्ज




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर में नगर परिषद सीएमओ के साथ गाली-गलौज और अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ शासकीय कार्य में व्यवधान सहित अन्य कई धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि सीएमओ नगर परिषद विजयपुर प्रदीप कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार को सुनवई तिराहा पर एक गौवंश के एक्सीडेंट के दौरान घायल होने की सूचना पर नगर परिषद की टीम के साथ मै खुद मौके पर पहुंचा और घायल गौवंश को जरूरी इलाज की उपलब्धता करवाई। जिसके बाद भी वहां मौजूद आशु शर्मा नामक युवक ने गाली गलौच और अभद्रता करते हुए शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया। पुलिस ने आशू शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### शाढ़ौरा में रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**शाढ़ौरा।** कलेक्टर के निर्देशन मे नगर परिषद शाढ़ौरा द्वारा राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग मध्य प्रदेश शासन आनंद उत्सब 2026 के तहत मकर संक्रान्ति के अबसर पर महिला ब पुरुषो का रस्साकसी कार्यक्रम कराया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक बर्मा ने बताया कि आम जनता को आनंद से परिचित कराने के लिये राज्य आनंद संस्थान की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है नगरीय क्षेत्रो मै आनंद उत्सव के दोरान विभिन्न कार्यक्रम कराये जा रहे है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीसी के माध्यम से एसआईआर के संबंध में दिए निर्देश

**अशोकनगर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल संजीव कुमार झा द्वारा बुधवार को निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से चर्चा की गई। इस दौरान नो मौपिंग मतदाताओं की सुनवाई के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गए। साथ ही ईआरओ तथा एईआरओ द्वारा वास्तविक परीक्षण दस्तावेज का सत्यापन, प्रतिवेदन अपलोड प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली गई। वीसी में अशोकनगर जिले से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह,अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन.सिंह शामिल हुए।

### मक्का की फसल बेचने पर की मारपीट

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शांतिनाथ मंदिर मार्ग अशोकनगर निवासी नीरज जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विकास जैन, राहुल जैन निवासी मगरदा ने मक्के की फसल बेचने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### एरण महोत्सव में डिप्टी सीएम ने प्राचीन प्रतिमाओं का किया अवलोकन

# जित्तू खरे के लोकगीतों पर श्रोता जमकर झूमे, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना





मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा आयोजित एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित 3 दिवसीय एरण महोत्सव के दूसरे दिन जिले के प्रभारी मंत्री एवं डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दूसरे दोपहर 2 से 5 बजे तक मंडी बामोरा संकुल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। उसके बाद शाम 7 बजे से बाहर से आए कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही लोकगीत गायक जित्तू खरे के द्वारा शानदार बुंदेली लोकगीतों की प्रस्तुतियां दी गई। लोकगीत का आनंद ग्रामीणों ने देर रात तक लिया। गौरतलब है कि तीन दिवसीय आयोजन श्री नरसिंह मंदिर परिसर ऐरण में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में शामिल हुए डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला कार्यक्रम में शामिल होने से पहले प्राचीन भगवान विष्णु की विशाल प्रतिमा, भगवान बराह सहित अन्य प्रतिमाओं का निरीक्षण किया। साथ कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक निर्मला सप्रे, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, मंडी बामोरा मंडल अध्यक्ष विशाल यादव, भानगढ़ मंडल अध्यक्ष पवन यादव, सहाब राज, नवीन पालीवाल, महामंत्री आलेख राय, संतोष सिंह ठाकुर, रतन यादव, शहर ग्रामीण उपस्थित रहे। गुरुवार को दशरथ लाल परोची गुना के द्वारा भजन गायन, नीलम तिवारी एवं साथी छतरपुर के द्वारा लोक गायन, नवधा कथकालय भोपाल द्वारा नृत्यनाटिका, परमानंद केवट एवं साथी सरोज ढिमरयाई नृत्य एवं लोकगीत गायक जित्तू खरे एवं साथी सागर के द्वारा लोक गायन की शानदार प्रस्तुति जिसे देख श्रोता झूम उठे।

आज 16 जनवरी को ममता देवी एवं साथी राजस्थान के द्वारा चकरी नृत्य, विनती एवं साथी उज्जैन मालवी लोक नृत्य, अर्चना कोटाय एवं साथी झांसी के द्वारा लोक गायन एवं भजन गायक संजू बघेल एवं ग्रुप जबलपुर की प्रस्तुति का आयोजन होगा।

## थाना नईसरांय को मिली सफलता मात्र 01 घंटे में पशु चिकित्सालय के कर्मचारी को कर लिया दस्तयाब



**अशोकनगर।** नईसरांय पुलिस ने मात्र 01घंटे में पशु चिकित्सालय के कर्मचारी को दस्तयाब किया गया है। दिनांक 13.01.2026 को फरियादिया उर्मिला बाई पत्नि रघुवीर बाल्मीक, निवासी कस्बा नईसरांय द्वारा थाना नईसरांय में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पति रघुवीर बाल्मीक, जो कि पशु चिकित्सालय ग्राम छापर में पदस्थ हैं, ड्यूटी के दौरान अचानक लापता हो गए हैं। फरियादिया की रिपोर्ट के आधार पर थाना नईसरांय में गुम इंसान कायम कर जांच में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा थाना नईसरांय में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी नईसरांय उनि. मनीष गुर्जर द्वारा तत्काल टीम गठित कर संभावित स्थानों पर त्वरित तलाश की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मात्र 01 घंटे में रघुवीर पुत्र मांगीलाल बाल्मीक उम्र 45 साल निवासी कस्वा नईसरांय को ग्राम सोहपुर चक्क से सकुशल दस्तयाव किया गया। गुमशुदा व्यक्ति के दस्तयाब होने पर परिजनों एवं क्षेत्र की आम जनता द्वारा पुलिस की तत्परता एवं संवेदनशील कार्यवाही की सराहना की गई।

### दो बाईक आपस में टकराईं मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत निर्माणाधीन टोल टेक्स चंदेरी मुंगावली रोड पर दो बाईक आपस में टकरा गईं, दोनों बाईक सवारों को चोटें आई हैं दोनो ने एक दूसरे पर मामले दर्ज कराएं है। एक पक्ष की ओर से ग्राम जीरोन थाना जाखलौन जिला ललितपुर निवासी मान सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 15 एमएन 5327 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विवेक अहिरवार निवासी मुंगावली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक यूपी 94 एके 0407 के चालक ने अपने बाईक को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसे टक्कर मार दी।

### जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम सेमरी लोहावाद में दीपक रघुवंशी के खेत के पास ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें विनोद पाल, दीपक रघुवंशी, मालमसिंह अहिरवार, जगदीश कुशवाह, अशोक कुशवाह, और रामकृष्ण रघुवंशी शामिल हैं जिनसे 22330 रूपए और ताश की गडडी बरामद की गई हैं। इसी प्रकार देहात पुलिस ने ग्राम कोलुआ में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए चिरोंजीलाल अहिरवार, बालकिशन अहिरवार और संदीप अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 500 रूपए जप्त किए हैं। इसी प्रकार कोलुआ चक्क पर ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए काशीराम बाल्मीक और अनिल अहिरवार को गिरफ्तार किया है।

## आज से 3 दिवसीय महामहोत्सव की शुरुआत मेरु पर्वत की तर्ज पर 18 द्रव्यों होगा अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सुराना चैराहा स्थित वासुपूज्य स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर के 14वें ध्वजा महोत्सव (वर्षगांठ) का भव्य शुभारंभ आज गुरुवार दोपहर 12:39 बजे परमात्मा के विशिष्ट अनुष्ठान 18 अभिषेक के साथ होगा। मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि प्राचीन काल में मेरु पर्वत पर देवों ने जिन दुर्लभ द्रव्यों से परमात्मा का जन्माभिषेक किया था, आज उसी का अनुकरण करते हुए सोने के पाउडर मिश्रित जल, पंचरत्न चूर्ण (मोती, सोना, चांदी, मूंगा, तांबा), 21 जड़ी-बूटियों, मंगल मृत्तिका, केसर-कस्तूरी और प्रभु का अभिषेक किया जाएगा। 18 अभिषेक विधान का मूल मंत्र परमात्मा के अभिषेक के साथ कर्मों की निर्जरा करना है। ये 18 द्रव्य शुभ संकल्पों के प्रतीक हैं। 18 अभिषेक आत्मशुद्धि का माध्यम है।

इससे पूर्व, बुधवार की धर्मसभा में धर्मसभा में प.पू. साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी म.सा. की सुशिष्याओं प.पू. साध्वी श्री भव्योदया श्री जी म.सा., प.पू. साध्वी श्री गुणोदया श्री जी म.सा. एवं प.पू. साध्वी श्री जिनवर्षा श्री जी म.सा. ने महामंत्री पेथड़ शाह का अद्भुत प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया, एक बार पेथड़ शाह जिनालय में परमात्मा की पूजा कर रहे थे। उसी समय राजा ने उन्हें किसी जरूरी काम से दरबार में बुलाने के लिए सन्देश भेजा।

**महोत्सव की रूपरेखा**

- 15 जनवरी दोपहर 12 :39 बजे भव्य 18 अभिषेक पूजन।
- 16 जनवरी में तेरस के पावन अवसर पर सुबह 9 :30 बजे पालकी यात्रा (वरघोड़ा) और दोपहर 12 :39 बजे ध्वजारोहण।
- 17 जनवरी गौतम स्वामी महापूजन।

## शादी विवाह में हल्दी मेहंदी और प्री वेडिंग पर रोक, न मानने पर जुर्माना



**अशोकनगर।** सिख समाज के द्वारा अशोकनगर गुरूद्वारा पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी के द्वारा अपने विचार और सुझाव प्रदान किए गए। जिसमें शादियों में होने वाली फिजूल खर्ची को रोकने का निर्णय लिया गया।

प्रबंधन कमैटी पूर्वक द्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में यह निर्णय लिए गए कि शादी समारोह में लड़की के परिवार वालों की ओर से लड़के के परिवार को सोने की अंगूठी या सोने के आभूषण गिफ्ट में नहीं दिए जाएं। शादी के कई अन्य जैसे हल्दी मेहंदी कार्यक्रम जो फिजूल खर्ची को बढ़ाते हैं उनको सादा तरीके से किया जाए। गमी के कार्यक्रमों में लंगर की मर्यादा अनुरूप सादा लंगर चलाया जाए। प्री वेडिंग फोटो शूट करने पर भी पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया गया है। गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी अशोकनगर के प्रधान सतपाल सिंह ने बताया कि समाज में इस तरह के निर्णय लेना अति आवश्यक हो गया था। और जो इन निर्णय को नहीं मानेगा उस पर जुर्माना राशि भी रखी गई है जो अलग-अलग 5100 से 100000 तक रखी गई है। यह निर्णय समाज के कई ग्रामीण और क्षेत्रीय गुरुद्वारों से आए प्रबंधकों के साथ अशोकनगर जिले की सर्व संगत द्वारा लिया गया है जो अशोकनगर जिले में पूरी सिख संगत के लिए मान्य होगा।

## करीला धाम के निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें अधिकारी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




आगामी माह मार्च में करीला धाम में लगने वाले वार्षिक मेले में आने वाले श्रृद्धालुओं एवं व्हीआईपी आगमन को लेकर किये जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्यो को समय सीमा में अधिकारी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्टर कांफ्रेस कक्ष मे आयोजित निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये।

बैठक में कलेक्टर ने करीला धाम में आने वाले व्हीआईपी को लेकर बनाये जाने वाले हैलीपेड के निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा कर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने एप्रोच रोड की मरम्मत कार्य, व्हीआईपी पार्किंग निर्माण, नेशनल हाईवे रोडों की मरम्मत का कार्य बीलाखेडी से करीला धाम मार्ग निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने व्हीआईपी पार्किंग सहित पक्की सड़क निर्माण के संबंध में अधिकारियों को कार्य समय सीमा में पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम द्वारा पेयजल व्यवस्था ,पानी की सप्लाई,पानी की टंकियों की व्यवस्था के संबंध में समीक्षा कर समुचित पेयजल व्यवस्था हेतु आवश्यक निर्देश दिये। सामुदायिक शौचालय,सीता रसोई के संबंध में समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकरियों से निर्माण कार्यो के प्रगति के बारे में जानकारी ली।

## ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, महिला मृत, मासूम घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

**पत्रकार नीरज राय बाइक से पत्नी एवं बच्चे के साथ राहतगढ़ से आ रहे थे बीना**



खुरई के रीठौर बायपास चौराहा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार महिला की मौत हो गई वहीं 6 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक बाइक सवार ग्राम कुरुआ बीना निवासी नीरज राय पत्रकार अपनी बाइक क्रमांक एमपी 15 जेडबी 1033 से अपनी राहतगढ़ से पत्नी और बच्चे के साथ बाइक से बीना लौट रहे थे कि खुरई के रीठौर बायपास चौराहा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 6991 के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए बाइक सवार को ज़ोरदार टक्कर मार दी।

जिसमें बाइक सवार महिला छाया पति नीरज राय (36) की मौत हो गई जबकि तेजेश्वर पिता नीरज राय(6) को सिर में गंभीर चोटें आई हैं और बाइक सवार नीरज राय सुरक्षित हैं। बच्चे को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया है, जिसका उपचार किया जा रहा है।

नीरज राय ने बताया कि वह राहतगढ़ के मीरखेड़ी गांव में बुआ के अनरव में मकर संक्रांति पर लड्डू देने के लिए गए हुए थे। वहां से लौटकर बीना आ रहे थे कि खुरई के बायपास पर एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। खुरई पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया और गुरुवार को पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। शव मिलने के बाद गुरुवार को मृतक छाया का ग्राम में अंतिम संस्कार किया गया। साथ ही पुलिस ने वहां को जप्त कर आरोपियों को पकड़ लिया है बताया जा रहा है कि आरोपी शराब के नशे में थे।

### अमेरिका से लेकर अन्य शहरों के कवियों ने की शिरकत

## तारण तरण दि.जैन समाज का कवि सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना







तारण तरण दि.जैन समाज के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर नवबर्ष मिलन समारोह के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन तारण भवन में किया गया। कवि सम्मेलन में अमेरिका सहित देश के विभिन्न स्थानों से आए कवियों ने हिस्सा लिया। जिन्होंने देर रात तक कविताओं का श्रोताओं ने आनंद लिया। इस अवसर पर अमेरिका से पधारे कवि और दानवीर अप्रवासी भारतीय रश्मि भाई शाह का उनकी कविताओं और दान भावना के लिए समाज द्वारा अभिनंदन किया गया। स्नूकर विजेता बनने पर सेठ रोही जगतसाब का एवं यू एस से इंटीरियर डिजाइनर बनी कुमारी जिया जगतसाब का उनकी उपलब्धियों के लिए अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील सिरोठिया, डॉक्टर भरत मोटवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, भाजपा नगर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र उपाध्याय, संजय सिंह, सेठ राजेन्द्र जगतसाब, सेठ रमेश जगतसाब, ऋषि शास्त्री, अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

आमंत्रित कवियों में लांस एंजिल्स से रश्मि भाई शाह, बनारस से कमलेश राजहंस, इटारसी से बृजकिशोर पटेल, बालाघाट से माधुरी किरण, इंदौर से सत्तेन वर्मा, सुवासरा से दिनेश अनल, बीना से नरेंद्र जैन कर सलाहकार ने बेहतरीन काव्य पाठ किया। मंच का संचालन हास्य कवि सुनील समैया ने किया। अतिथियों और कवियों का सम्मान अध्यक्ष राजेश जगतसाब, मंत्री सचिन समैया, जितेन्द्र समैया, सुभाष समैया, योगेश समैया, प्रियंक समैया, दिव्यांश समैया सहित समस्त पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर संजय सिंह पार्षद, विजय लखेरा पार्षद, सीपी तिवारी, डीके जैन, राममूर्ति तिवारी, महामंत्री आलेख राय सहित सकल तारण तरण समाज और शहर के गणमान्य नागरिक गण देर रात तक कवि सम्मेलन का लुफ्त उठाते रहे। आभार सेठ रमेश समैया ने किया।

**17 एवं 18 को श्रुतधाम महोत्सव एवं श्रीजी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन** बीना। अनेकांत ज्ञान मंदिर की 34 वीं एवं श्रुतधाम पंचकल्याणक की 11वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर श्रुतधाम महोत्सव एवं श्रीजी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन 17 एवं 18 जनवरी को खुरई रोड स्थित श्रुतधाम में आयोजित होगा। इस पावन आयोजन पर परम पूज्य नवाचार्य श्री 108 समयसागर महाराज का आशीर्वाद एवं परम पूज्य नवाचार्य श्री 108 सरलसागर महाराज का सान्निध्य प्राप्त होगा एवं ब्र संदीप भैया (सरल) का मार्गदर्शन रहेगा। 17 जनवरी को प्रातः 7:30 बजे अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन, दोपहर 1 बजे बड़े बाबा आदिनाथ विधान संगीतमय, उपरांत 3 बजे आनंद मेला का शुभारंभ तथा सायं 6:45 बजे संगीतमय आरती संपन्न होगी। इसी तरह 18 जनवरी को प्रातः 7:30 बजे बड़े बाबा का महामस्तकाभिषेक, 9 बजे भव्य शोभायात्रा एवं 10:30 बजे समस्त जैन समाज का वात्सल्य भोज एवं सोल वालों के शुद्ध भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

## मैत्री कप सीजन 05 प्रतियोगिता का समापन, रोमांच से भरा रहा फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नगर का मैदान उस दिन खुशियों और क्रिकेट के उत्साह से गूंज उठा, जब मैत्री कप सीजन 05 का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद स्वर्गीय सुरेंद्र वर्मा की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया, जिसे सभी खिलाड़ियों और दर्शकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**विजेता और उपविजेता टीमों के साथ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी पुरूस्कार दिए गए** उक्त स्पर्धा में 16 टीमों ने भाग लिया, 37 मैच खेले गए,कुल रन बने 6,713,कुल विकेट गिरे 545,कुल चैके लगे 573 कुल छक्के लगे 347, कुल कैच पकड़े गए 349। विशेष आकर्षण टूर्नामेंट में कुल 920 रन सिर्फ चैकों और छक्कों से बने। अधिकांश मैच 10 ओवर के टी 10 फॉर्मेट में हुए, जिससे खेल तेज़ और रोमांचक बना। फाइनल मुकाबला और विजेता,विजेता हरजोत 11 (गरेंठी), उपविजेता सियाराम इलेक्ट्रिकल रही, हरजोत 11 गरेंठी टीम ने 8 विकेट पर 93 रन बनाए जिसके जबाव में सियाराम इलेक्ट्रिकल की टीम 9 विकेट खोकर 69 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच दुष्यंत सिंह धिल्लों हरजोत 11 टीम से रहे।

### चन्देरी में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई



**अशोकनगर।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम के अंतर्गत चंदेरी में विविध खेलों की चयन स्पर्धा अयोजित की गई जिनके खिलाड़ियों का चयन उनके खेल के आधार पर किया गया। मध्यप्रदेश शासन के अनुसार पहले ब्लॉक स्तर, जिला स्तर, सम्भाग फिर राज्य स्तर पर किया जाएगा। प्रतियोगिताओं को करने में अनिल शर्मा, सौरभ त्रिवेदी,साकूलाल रायकवार,शुभम तिवारी अनुराग सिंह तोमर,अमित जैन,गिरधारी पवैया,राजकुमार लोधी,सुरुची रावत ने सहयोग किया खेल और युवा कल्याण विभाग से राजेश कुशवाह उपस्थित थे।